अनुच्छेद-लेखन

(80–100 शब्दों में)

43. स्मार्ट क्लास की उपयोगिता

संकेत बिंदु

- छात्रों की अधिक सक्रियता
- विषय-वस्तु का अधिगम
- कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त करना
- छात्रों पर प्रभाव

स्मार्ट क्लास में छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ विषय को रोचक बनाने के लिए चार्ट एवं मॉडल का प्रयोग होता है। इससे छात्रों को भी बात समझने में आसानी होती है क्योंकि याद करने की अपेक्षा देखने से कोई पाठ्य सामग्री जल्द ही समझ में आ जाती है। इससे छात्रों में अभिप्रेरणा की भावना जागृत होती है। किसी भी पाठ को पढ़ाने से पहले उसके संबंधित चित्र प्रस्तुत करने पर छात्रों की सक्रियता उस पाठ्य विषय की ओर बढ़ जाती है। अगर कक्षा में श्रव्य-दृश्य सामग्री का प्रयोग किया जाए तो यह छात्रों के लिए विषय वस्तु समझने के लिए आसान हो जाएगा। अध्ययन के बाद विषय उसके मन में सदा के लिए अंकित हो जाता है। इसी प्रयोग से छात्र विषय का अधिगम भी सरलता से कर लेता है। स्मार्ट क्लास में विषय संबंधी किसी भी जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उसे कम समय में अधिक जानकारी हासिल करने का अवसर मिलता है। कक्षा में श्रव्य-दृश्य प्रस्तुतिकरण से सभी छात्रों को लाभ मिलता है। इसका अधिक प्रभाव कमजोर छात्रों पर पड़ता है। वे छात्र उसके माध्यम से विषय को पूर्ण रूप से समझ जाते हैं।